**डी.ए.वी.बी..आर. पब्लिक स्कूल बीना**

**अर्द्ध वार्षिक परीक्षा**

कक्षा – आठवीं : विषय–हिन्दी

**प्रतिदर्श प्रश्न – पत्र      सत्र–2024 –25**

निर्धारित समय : 3.00 घण्टे                    अधिकतम अंक – 80

सामान्य निर्देशः 1 इस प्रश्न पत्र के चार खंड है – 'क' 'ख' 'ग' और 'घ' ।

2 चारों खंड अनिवार्य है

3 प्रश्न के सभी उपभागों के उत्तर क्रमशः एक साथ लिखिए।

4 उत्तरपुस्तिका में उत्तर के साथ वहीं क्रम संख्या लिखिए जो प्रश्न पत्र में दी गई है।

**खंड – ('क')**

प्रश्न 1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

आम लक्ष्मीपतियों के भोजन की शोभा तथा गरीबों की उदरपूर्ति का अति उत्तम साधन है। पके फल को तरह तरह से सुरक्षित करके भी रखते हैं। रस का थाली, चकले, कपड़े इत्यादि पर पसार, धूप में सुखा "अमावट" बनाकर रख लेते हैं। यह बड़ी स्वादिष्ट होती है और इसे लोग बड़े प्रेम से खाते हैं। कहीं कहीं फल के रस को अंडे की सफेदी के साथ मिलाकर अतिसार और आँवे के रोग में देते हैं। पेट के कुछ रोगों में छिलका तथा बीज हितकर होता है। कच्चे फल को भूनकर पना बनाकर, नमक, जीरा, हींग, पोदीना इत्यादि मिलाकर पीते हैं, जिससे तरावट आती है और लू लगने का भय कम रहता है। आम के बीज में मैलिक अम्ल अधिक होता है और यह खूनी बवासीर और प्रदर में उपयोगी है।

आम की लकड़ी गृहनिर्माण तथा घरेलू सामग्री बनाने के काम आती है। यह ईधन के रूप में भी अधिक बरती जाती है। आम की उपज के लिए कुछ कुछ बालूवाली भूमि, जिसमें आवश्यक खाद हो और पानी का निकास ठीक हो, उत्तम होती है। आम की उत्तम जातियों के नए पौधे प्राय: भेंटकलम द्वारा तैयार किए जाते हैं। आम की विशेष उत्तम जातियों में वाराणसी का लँगड़ा, बंबई का अलफांजो तथा मलीहाबाद और लखनऊ के दशहरी तथा सफेदा उल्लेखनीय हैं।

१) आम का धनवानों व गरिबो व्दारा उपयोग में क्या अंतर है ?    2

२) आम के पके फल को किस तरह से सुरक्षित कर के रखा जाता है ?    2

३) आम के स्वास्थ वर्धक उपयोग बताइए ।    2

४) आम की लकड़ी के क्या उपयोग हैं ?    2

५) आम की उपज के लिए किस प्रकार की भूमि चाहिए ?    1

६) आमों की विशेष उल्लेखनीय जातियाँ कौन सी हैं ?    1

प्रश्न 2 निम्नलिखित अपठित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 5

एक काबुलीवाले की कहते हैं लोग कहानी,
लाल मिर्च को देख गया भर उसके मुहँ में पानी।
सोचा, क्या अच्छे दाने हैं, खाने से बल होगा,
यह, जरूर इस मौसम का कोई मीठा फल होगा।

एक चवन्नी फ़ेंक और झोली अपनी फैलाकर,
कुंजड़िन से बोला बेचारा ज्यों-ज्यों कुछ समझाकर।
लाल-लाल, पतली छीमी हो चीज़ अगर खाने की,
तो हमको दो तोल छीमियाँ चार आने की।

1. काबुलीवाले के मुहँ में पानी क्यों आ गया था ?

2. काबुलीवाले ने मिर्च को कैसा फल समझ लिया था ?

3. काबुलीवाला कुंजड़िन से क्या बोला ?

4. काबुलीवाले ने कितने आने की छीमियाँ तोलने को कहा ?

**5.** काव्यांश को पढ़कर उसक उचित शीर्षक दीजिए ।

## खंड – ('ख' )

प्र 3 क निम्नलिखित शब्दों में से अनुस्वार तथा अनुनासिक का चिह्न उचित स्थान पर लगाइए— 1

1 गगा 2 पाव

ख निम्नलिखित शब्दों में 'र' के उचित रूप प्रयोग कीजिए – 1

1 भम 2 दव्य

प्र 4 '**अवैकल्पिक** ' शब्द में से उपसर्ग एवं प्रत्यय अलक करके लिखिए। 1

प्र 5 क निम्नलिखित शब्द का संधि विच्छेद कीजिए – 1

1 महीन्द्र

ख निम्नलिखित शब्द का संधि कीजिए –

1 विद्या + आलय

प्र 6 क दिए गए वाक्य में से भाववाचक संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए – 1

उसने सभी को मानवता का पाठ पढ़ाया।

ख 'जयपुर' शब्द से विशेषण शब्द बनाइए – 1

प्र 7 क 'पेड़' शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए । 1

ख 'बुद्धिमान' शब्द का विलोम शब्द लिखिए। 1

ग दिए गए वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए – 1

जो ईश्वर में विश्वास **ना** रखता हो

घ 'जीभ' का तत्सम रूप लिखिए – 1

प्र 8 क निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए – 2

1 उसके पिताजी आ रही है।

2 चाय में कोई गिर गया है।

ख दिए गए विराम चिह्नों को पहचानकर कर उनके नाम लिखिए । 2

1 ( **?** ) 2 ( **!** )

प्र 9 निम्नलिखित मुहावरें का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए – 2

दाल मे कुछ काला न होना

प्र 10 'उपमा' अथवा 'अनुप्रास' अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए – 3

**खंड – ('ग')**

**प्र 11** निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 3

गर्मी की दोपहरी में

तपे हुए नभ के नीचे

काली सड़कें तारकोल की

अंगारे-सी जली पड़ी थीं

छाँह जली थी पेड़ों की भी

पत्ते झुलस गए थे

नंगे-नंगे दीर्घकाय, कंकालों-से वृक्ष खड़े थे।

हों अकाल के ज्यों अवतार।

क प्रस्तुत पंक्ति किस कविता से ली गई है?

ख इस कविता के कवि कौन है ?

ग सड़के कैसी थी ?

प्र 12 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 3

पंप मज़े से चल रहा है। फसल अच्छी है। उन्नत कृषि का निरीक्षण करने कभी तहसीलदार, कभी सिंचाई साहब, का बिजली साहब आते रहते हैं। कृषि साहब दूसरे कृषकों को भी ऐसे ही उपाय कर आत्मनिर्भर बनने का महत्त्व समझाते रहते हैं।

क उपरोक्त पद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?

ख पाठ के लेखक कौन है ?

ग गद्यांश का मूल भाव क्या है ?

प्र 13 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर के उत्तर ( 25 से 30 शब्दों में ) लिखिए। 2 x 4 = 8

क गाँव वाले दारा का सम्मान कयों करते थे ?

ख गाँधी जी ने सिला हुआ कपड़ा पहनना क्यों छोड़ दिया था ?

ग कोया आदिवासियों का नेता कौन था ? और उसने सबसे क्या कहा ?

घ लेखक ने व्यक्ति और पड़ोसियों की तुलना क्यों की है ?

ड. बिजली साहब ने दरख्वास्त की हर तह का धीरे–से क्यों खोला ?

प्र 14 निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के विस्तृत उत्तर के उत्तर ( 25 से 30 शब्दों में ) लिखिए। 3 x 4 = 12

क शाह ने किसे गवर्नर बनाकर कहाँ भेजा ओर क्यों ?

ख भोलाराम ने अपनी समस्या का क्या हल खोजा और क्यों ?

ग आत्मशुद्धि के लिए लेख लिखने और उपवास रखना का क्या कारण था ?

घ किसी दोहे को लिखकर उसका मूल भाव लिखिए।

ड. बातचीत करते समय किन बातों का ध्यान रखना जरूरी होता है ?

प्र 15 तूश प्रकरण को अपने शब्दों में लिखिए । 4

## खंड – ('घ')

प्र 16 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर (100 से 125 शब्दों में ) अनुच्छेद लिखिए। 5

1 कैसी हो शिक्षा

2 अनमेल प्रसंग

3 बातचीत का महत्व क्या है

प्र 17 कोया आदिवासियों ने कैसे अन्याय के खिलाफ विरोध दर्ज़ कराया उसके बारें में अपने किसी मित्र को पत्र लिखिए । 5

**या**

आपको अर्द्धवार्षिक परीक्षा की तैयारी के लिए कुछ पुस्तकों की आवश्यकता है। इस हेतु पिताजी से पत्र के माध्यम से रूपये 2000/– मँगवायें।

प्र 18 निम्नलिखित चित्र को देखकर उसका वर्णन कीजिए –　　5

